# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

दिनांक-26.11.2023

## सम्पत्ति हासिल करने की नीयत से धोखाधड़ी कर कूटरचित दस्तावेज के आधार पर फर्जी निकटतम सम्बन्धी प्रमाण पत्र बनवाने के मामले में वांछित अभियुक्त भरत यादव थाना कैण्ट पुलिस द्वारा गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैन्ट के नेतृत्व में थाना कैण्ट पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 599/22 धारा 419/420/467/468/471/120बी भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त भरत यादव पुत्र स्व0 मूसे यादव निवासी फुलवरिया , थाना कैण्ट वाराणसी, हालपता एस 9/111- i , नई बस्ती पाण्डेयपुर वाराणसी को आज दिनांक 26.11.2023 को समय करीब 13.20 बजे पाण्डेयपुर तिराहा दूधमण्डी के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना कैण्ट पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

**घटना का विवरण-**

दिनांक 23/12/22 को लालजी पुत्र गुल्ली यादव निवासी ग्राम फूलवरिया,थाना कैण्ट ,जिला वाराणसी द्वारा विपक्षीगण के विरुद्ध छल व कूटरचित प्रमाण पत्र तैयार कराकर निकटतम सम्बन्धी प्रमाण पत्र बनवा लेने के संबध में तहरीर दी गयी जिसके आधार पर थाना कैण्ट में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विवेचना सम्पादित की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

भरत यादव पुत्र स्व0 मूसे यादव निवासी फुलवरिया , थाना कैण्ट वाराणसी, हालपता एस 9/111- i , नई बस्ती पाण्डेयपुर वाराणसी , उम्र 42 वर्ष

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. निरीक्षक श्री प्रमोद कुमार पाण्डेय थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री गौरव कुमार सिंह थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
3. हे0का0 बृजबिहारी ओझा थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी**

